This question paper contains 4+1 printed pages]

Roll No. | | | | | | | | | | | |

S. No. of Question Paper : **5375**

Unique Paper Code : **205540** **E**

Name of the Paper : **Hindi-B M.I.L. (आधुनिक भारतीय भाषा : हिंदी 'ख')**

Name of the Course : **B.A. (Programme)**

Semester : **V**

Duration : **3 Hours** Maximum Marks : 75

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए ।)

सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

1. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** अनुच्छेदों के नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 8+8=16

(क) रचनात्मक साहित्य के अंतर्गत भी पश्चिम के बड़े प्रकाशन-समूहों को ऐसी ही कृतियाँ चाहिए जिनके बेस्ट सेलर बन सकने की संभावना प्रबल हो और 'रिमेंडर' कर दिए जाने की आशंका नितांत क्षीण । विदेशों में प्रकाशन व्यवसाय में पाण्डुलिपियों की परख करने वाले अनुभवी सलाहकार रखने और उनके द्वारा प्रकाशन के लिए चुनी गई पाण्डुलिपियों को नोक-पलक दुरुस्त करने की नीयत से अनुभवी संपादकों को सौंपने की परंपरा शुरू से चली आ रही थी । इसी तरह वहाँ लेखक सीधे किसी प्रकाशक को पाण्डुलिपि भेजने से बेहतर यह समझते थे कि किसी 'लिटरेरी एजेंट' (बिचौलिया) की मदद लें । अब अंतर यह आ गया है कि एजेंट और प्रकाशक का सम्पादक दोनों ही, नवोदित

P.T.O.

और प्रतिष्ठित हर लेखक को, कृति का साहित्यिक पक्ष सुधारने के बारे में ही नहीं 'व्यावसायिक पक्ष' भी सुधारने की नेक सलाह देने लगे हैं ।

प्रश्न :

(*i*) पाठ और लेखक का नाम लिखिए ।

(*ii*) अनुभवी संपादकों की आवश्यकता क्यों पड़ी ?

(*iii*) 'लिटरेरी एजेंट' की क्या भूमिका होती है ?

(*iv*) 'रिमेंडर' से क्या तात्पर्य है ?

(ख) बाबा को जानता था सारा शहर
पिता को भी चार मोहल्ले के लोग जानते थे
मुझे नहीं जानता मेरा पड़ोसी मेरे नाम से
अब सिर्फ एलबम में रहते हैं
परिवार के सारे लोग एक साथ
टूटने की इस प्रक्रिया में क्या टूटा है
कोई नहीं सोचता
कोई ताला देखकर मेरे घर से लौट गया है ।

प्रश्न :

(*i*) कवि और कविता का नाम लिखिए ।

(*ii*) 'बाबा को जानता था सारा शहर' के द्वारा कवि क्या कहना चाहता है ?

(*iii*) 'टूटने की प्रक्रिया में क्या-क्या टूट रहा है', पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए ।

(*iv*) तार से बधाई और शोक 'संदेश' क्यों आते हैं ?

(ग) इससे आप समझ लीजिए कि कांग्रेस के अंदर से अँग्रेजी हटाने का संघर्ष कितना महत्वपूर्ण था और यह संघर्ष चलाकर गांधी जी ने कितनी बड़ी वीरता और बुद्धिमत्ता का परिचय दिया था । उन्हें अपने संघर्ष में सफलता नहीं मिली, इससे यह भी समझ लीजिए कि अँग्रेजी के हिमायती इस देश में कितने शक्तिशाली हैं । गांधी जी को हिन्दू-मुस्लिम संप्रदायवाद खत्म करने में सफलता नहीं मिली, उन्हें देश का विभाजन रोकने में सफलता नहीं मिली, उन्हें सरकार और कांग्रेस के अंदर से अँग्रेजी हटाने में सफलता नहीं मिली ।

प्रश्न :

(*i*) पाठ और लेखक का नाम बताइए ।

(*ii*) गांधी जी किन-किन बातों में असफल रहे ?

(*iii*) किनके रास्ते चलकर भारत विजयी बनेगा ?

(*iv*) गांधी जी की वीरता और बुद्धिमत्ता का परिचय किस प्रकार मिलता है ?

3×3=9

2. किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) 'बांधों ना नाव इस ठाँव बंधु' में कवि नाव को इस ठाँव न बाँधने का अनुरोध क्यों करता है ?

(ख) प्रसाद और प्रेमचंद की भाषा के अंतर को बताइए ।

(ग) राहुल सांकृत्यायन की तिब्बत यात्रा का क्या उद्देश्य था ?

(घ) 'खोखले दिमाग और रंगीन कपड़े' के द्वारा लेखक किस वर्ग की ओर संकेत करना चाहता है ?

(ङ) "अँग्रेजी का प्रभुत्व खत्म करके ही राष्ट्रीय आत्मसम्मान की रक्षा हो सकती है", स्पष्ट कीजिए ।

3×6=18

3. किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) हिंदी का व्युत्पत्तिमूलक अर्थ स्पष्ट कीजिए ।

(ख) हिंदी की प्रमुख उप-भाषाओं का परिचय दीजिए ।

(ग) अवधी का सामान्य परिचय दीजिए ।

(घ) पहाड़ी हिंदी की प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।

3×6=18

4. किन्हीं **तीन** पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए :

(क) भाषा के लिए लिपि की अनिवार्यता

(ख) देवनागरी लिपि का विकासक्रम

(ग) लिपि का मानकीकरण

(घ) देवनागरी लिपि : नामकरण के आधार ।

5. शब्द-शक्ति का सामान्य परिचय दीजिए । 6

अथवा

व्यंजना शब्द-शक्ति का सोदाहरण परिचय दीजिए ।

6. (क) ''काल ने जिसके पृष्ठों की सफेदी को भूरेपन में बदल दिया'', प्रस्तुत अंश में लाक्षणिक सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए । 4

(ख) ''वे किताबों को पढ़ना नहीं सूँघना भी पसंद करते थे बल्कि कुछ वे सूँघ-सांघकर ही पढ़ा हुआ मान लेते थे'', इस गद्यांश में निहित व्यंग्यार्थ को उद्घाटित कीजिए । 4